नगर पालिक निगम, भोपाल

जनसंपर्क शाखा

भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने निगम परिषद ने सर्वसम्मति से पारित किया प्रस्ताव

नागरिकों, प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों सहित सभी के विचार एवं सुझाव समाहित किए जाएंगे– महापौर श्री शर्मा

सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव विकास की सोच का धोतक

भोपाल, 11 जुलाई 2015

नगर निगम परिषद ने भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। निगम परिषद अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह चौहान की अध्यक्षता में शनिवार को आई.एस.बी.टी. स्थित परिषद सभाग्रह में आहूत विशेष सम्मिलन में भारत सरकार के स्मार्ट सिटीज मिशन के अंतर्गत भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के संबंध में निगम परिषद के सदस्यों ने अपने बहुमूल्य सुझाव और विचार रखने के पश्चात भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मत्ति से पारित कर दिया है। महापौर श्री शर्मा ने कहा कि भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए आहूत विशेष सम्मिलन में परिषद के सभी सदस्यों द्वारा गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श कर सुझाव दिए गए है और उन्हें स्मार्ट सिटी योजना में सम्मिलित किया जाएगा। महापौर श्री शर्मा ने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत शहर में होने वाले विकास के कार्यों में शहर के नागरिकों, विभिन्न संस्थाओं और प्रबुद्धजनों एवं सम्मानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव लेकर उन्हें समाहित कर बेहतर कार्य योजना तैयार की जाएगी। महापौर श्री शर्मा ने कहा कि शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। नगर निगम द्वारा राज्य सरकार को प्रपत्र भरकर भेजा जाएगा जो केन्द्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय को जाएगा।

नगर निगम भोपाल की निगम परिषद का विशेष सम्मिलन शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल स्थित परिषद सभाग्रह में आहूत किया गया। परिषद अध्यक्ष डॉ0 सुरजीत सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में अनेक सदस्यों ने अपने बहुमूल्य विचार एवं सुझाव रखे। बैठक में निगम आयुक्त श्री तेजस्वी एस. नायक ने महापौर श्री आलोक शर्मा, परिषद अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह चौहान सहित निगम के सभी सदस्यों के समक्ष स्मार्ट सिटी मिशन पर शहर के विकास पर आधारित प्रस्तुतिकरण पॉवर पाईंट के माध्यम से किया। महापौर श्री आलोक शर्मा ने भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने हेतु चिन्हित किए गए शहरों में भोपाल को शामिल करने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 25 जून को दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में देश भर के महापौरों ने भाग लिया था और स्मार्ट सिटी के लिए गाईड लाईन तैयार की गई थी उसके मुताबिक स्मार्ट सिटी के लिए चिन्हित किए गए शहरों में निर्धारित मापदण्ड पर सफल होंगे उन शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना का लाभ प्राप्त होगा। महापौर श्री आलोक शर्मा ने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत शहर में होने वाले विकास के कार्यों में शहर के नागरिकों, विभिन्न संस्थाओं और प्रबुद्धजनों एवं सम्मानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव लेकर उन्हें समाहित कर बेहतर कार्य योजना तैयार की जाएगी। महापौर श्री शर्मा ने कहा कि हमारी नगर सरकार शहर के नागरिकों को निरंतर बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत कार्य की ओर अग्रसर है। महापौर श्री शर्मा ने कहा कि हम प्रत्येक जोन में राजस्व वसूली सहित निगम के अन्य कामकाजों की समीक्षा कर रहे है। इस मौके पर महापौर ने निगम परिषद के सभी सदस्यों को भरोसा दिलाया कि जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें शहर के विकास और नागरिकों की सेवा का अवसर दिया है हम सभी मिलकर शहर को स्मार्ट सिटी बनाकर नागरिकों को उत्कृष्ट

नागरिक सुविधाएं प्रदान करेंगे। महापौर श्री शर्मा ने कहा कि यह बडी प्रसन्नता का विषय है कि स्मार्ट सिटी बनाने हेतु निगम परिषद में लाया गया प्रस्ताव बहुमत के आधार पर नहीं बल्कि सर्वसम्मति से पारित किए जाने की सहमति हुई है, यह हमारी परिषद के सभी सदस्यों की विकास वाली सोच का घोतक है। महापौर श्री शर्मा ने शहर के विकास हेतु निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान संवेदनशील है वह विकास पुरूष है नगर निगम के जो भी प्रस्ताव शासन को जाते है उन्हें शीघ्र मंजूरी प्रदान करते है साथ ही शहर के विकास एवं योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु शासन स्तर से जो राशि दी जा सकती है उसे तुरंत मंजूरी राज्य शासन द्वारा की जाती है। महापौर श्री आलोक शर्मा ने भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने हेतु आहूत विशेष सम्मिलन में परिषद के सदस्यों द्वारा गंभीरतापूर्ण विचार विमर्श कर बहुमूल्य सुझाव दिए है जिनका में स्वागत करता हूँ और उन्हें स्मार्ट सिटी मिशन योजनांतर्गत भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाएगा। महापौर श्री आलोक शर्मा ने कहा कि निगम के कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने हेतु तकनीकी अधिकारियों की पदस्थापना कराई जाएगी। महापौर श्री शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि भोपाल को स्मार्ट सिटी प्रतियोगिता में सफलता मिलना तय है। श्री शर्मा ने कहा कि निगम परिषद द्वारा पारित स्मार्ट सिटी के संकल्प को राज्य शासन को भेजा जाएगा और राज्य शासन द्वारा मंजूरी हेतु केन्द्र सरकार को भेजेगा। महापौर श्री शर्मा ने कहा कि नगर सरकार नगर निगम की राजस्व वसूली सहित अन्य कार्यों को और अधिक चाक–चौबंद करने बावत निरंतर प्रत्येक जोन में वार्ड वार समीक्षा की जा रही है। महापौर श्री शर्मा ने कहा कि जो अधिकारी/कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे है उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा और जो अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करते नहीं पाए जाएंगे उन्हें हटाया जाएगा। इस मौके पर महापौर श्री शर्मा ने स्मार्ट सिटी योजना के बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने का सभी सदस्यों का भरोसा दिलाया और आशा व्यक्त की सभी के सहयोग से भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा।

भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने हेतु आहूत निगम के विशेष सम्मिलन में निगम आयुक्त श्री तेजस्वी एस. नायक ने पॉवर पाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से स्मार्ट सिटी के तहत शहर में किए जाने वाले अधोसंरचना तत्वों, स्मार्ट सिटी की विशेषताओं, स्मार्ट सिटी की कार्यनीति, कवरेज अवधि और स्मार्ट सिटीज की चयन प्रक्रिया के बारे में सदन में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस मौके पर चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष श्री मो. सगीर ने स्मार्ट सिटी बनाने हेतु लाए गए प्रस्ताव का भरपूर समर्थन करते हुए कहा कि भोपाल शहर को स्मार्ट बनाने की हमारी भी मंशा है। नेता प्रतिपक्ष ने महापौर श्री आलोक शर्मा की कार्यपद्धति की सराहना करते हुए कहा कि महापौर सभी सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को समाहित कर भोपाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की कार्य योजना में समाहित करें अवश्य ही भोपाल शहर स्मार्ट शहर बनेगा। नेता प्रतिपक्ष श्री मो. सगीर ने राजधानी के पुरातत्व महत्व के भवनों का संरक्षण करने की आवश्यकता को प्रतिपादित किया और योजना के क्रियान्वयन में हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। चर्चा में भाग लेते हुए पार्षद अब्दुल शफीक ने कहा कि शहर को स्मार्ट सिटी बनाकर नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु स्मार्ट सिटी योजना के क्रियान्वयन को बेहतर ढंग से किया गया तो आने वाली पीढ़ी के सभी लोग हमें याद करेंगे और भोपाल शहर स्मार्ट सिटी में तबदील होगा। महापौर परिषद के सदस्य श्री कृष्ण मोहन सोनी ने स्मार्ट सिटी मिशन योजनांतर्गत योजना के क्रियान्वयन में सभी जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भोपाल शहर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उल्लेखनीय विकास के कार्य किए है। श्री सोनी ने कहा कि स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से भोपाल शहर का स्वरूप निश्चित रूप से बदलेगा और नागरिकों को हम उत्कृष्ट नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सफल होंगे।

पार्षद श्री गिरीश शर्मा, श्री अमित शर्मा, श्रीमती संतोष कंसाना, श्री रविन्द्र यती सहित अनेक सदस्यों ने स्मार्ट सिटी योजना के क्रियान्वयन हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव दिए और स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं में सुधार की उम्मीद जाहिर की। महापौर परिषद के सदस्य श्री दिनेश यादव ने स्मार्ट सिटी मिशन संबंधी प्रस्ताव जो महापौर परिषद द्वारा अनुशंसा सहित विचारार्थ निगम परिषद के विशेष सम्मिलन में रखा। निगम परिषद अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह चौहान ने परिषद के सदस्यों को रमजान के पावन पर्व की बधाई दी और आगामी दिनों में आने वाले पर्व गुरू पूर्णिमा एवं श्रावण मास के पावन पर्व की परिषद के सदस्यों को अग्रिम रूप से बधाई एवं शुभकामनाए दी।

नगर पालिक निगम, भोपाल

जनसंपर्क शाखा

महापौर श्री आलोक शर्मा ने किया तीन बॉबकेट स्कीड स्टीयर लोडर, तीन रिफ्यूज काम्पेक्टर मशीनों का लोकार्पण

भोपाल, 11 जुलाई 2015

महापौर श्री आलोक शर्मा ने शनिवार को तीन नवीन बॉबकेट स्कीड स्टीयर लोडर मशीन, तीन रिफ्यूज काम्पेक्टर मशीनों का लोकार्पण हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि नगर निगम द्वारा क्रय की गई उक्त लोडर मशीन कम जगह में पूरी क्षमता के साथ कार्य करती है। इनकी डीजल खपत क्षमता भी कम है। यह मशीनें लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य कम समय में ज्यादा कार्य करती है। उक्त तीन बॉबकेट स्कीड स्टीयर लोडर मशीनों के निगम के बेड़े में शामिल होने से नगर निगम की सफाई व्यवस्था एवं विकास कार्यो के विभिन्न कार्यो में सुविधा होगी और कम समय में निगम का अमला अधिक से अधिक कार्य कर सकेगा।

इस मौके पर महापौर परिषद के अध्यक्ष श्री कृष्णमोहन सोनी, श्री महेश मकवाना, श्री दिनेश यादव, श्रीमती मंजूश्री बारकिया, पार्षद श्रीमती सीमा यादव, श्रीमती रश्मि द्विवेदी, ट्रांसपोर्ट अधिकारी श्री आर.के.परमार सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम अमले ने प्रोफेसर कालोनी सिविल लाईन में 200 फिट अवैध पक्का निर्माण को तोडा

भोपाल, 11 जुलाई 2015

नगर निगम द्वारा अतिक्रमणों एवं अवैध निर्माणों के विरूद्ध निरंतर सख्त कार्यवाही की जा रही है। निगम अमले ने प्रोफेसर कालोनी स्थित सिविल लाईन में श्रीमती तलब जहाँ द्वारा निगम की अनुमति के बिना अवैध पक्का निर्माण किया गया था जिसे निगम अमले ने शनिवार को तोड दिया। निगम ने उक्त भवन को तोडने हेतु मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनिमय 1956 के तहत अवैध निर्माण को हटाने हेतु नोटिस दिए गए थे परंतु भवन स्वामी द्वारा कोइ कार्यवाही नहीं की गई। निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने भवन अनुज्ञा शाखा के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जोन क्र. 5 के अंतर्गत प्रोफेसर कालोनी सिविल लाईन में श्रीमति तलब जहाँ द्वारा निगम अनुमति के बिना अवैध रूप से किये गये लगभग 200 वर्ग फीट के पक्के निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की। निगम

अमले ने यह कार्यवाही श्यामला हिल्स पुलिस बल और निगम अतिक्रमण दल के प्रभारियों सहित भवन अनुज्ञा शाखा के सहायक यंत्रियों, उप यंत्रियों की उपस्थिति में की।

———————

नर्मदा नदी में बाढ से अत्यधिक गाद आने के कारण आज और कल सम्बन्धित क्षेत्रों रहेगा जलप्रदाय प्रभावित

भोपाल, 11 जुलाई 2015

नर्मदा जल प्रदाय परियोजना अंतर्गत खटपुरा शाहगंज व हिरानी स्थित संयंत्र के पंप नर्मदा नदी में बाढ़ आने पर अत्यधिक मात्रा में मिट्टी (टरबीडिटी) आने से पूर्ण क्षमता से कार्य न करने एवं जलशुद्धिकरण में व्यवधान होने से रविवार 12 एवं सोमवार 13 जुलाई 2015 को निम्नलिखित क्षेत्रों में नर्मदा से मिलने वाली जलप्रदाय व्यवस्था कम दबाव से एवं बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जावेगी।

जलप्रदाय से प्रभावित क्षेत्र :– 1. ऐशबाग, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, जहांगीराबाद क्षेत्र, मोमीन पुरा, मुक्कदस नगर, पंजाबी कालोनी, ओल्ड सुभाष नगर इत्यादि क्षेत्र। 2. अभिरूचि, पदमनाभ नगर, अशोक विहार, अशोका गार्डन क्षेत्र। 3. चाँदबड एवं एकता नगर आसपास के क्षेत्र। 4. सोनागिरी, इन्द्रपुरी, अयोध्या नगर, रत्नागिरी इत्यादि क्षेत्र। 5. श्यामला फिल्टर प्लांट से जलप्रदाय वाले क्षेत्र जैसे गिन्नौरी, भोईपुरा, आलोक प्रेस, सेफिया कालेज, खटीकपुरा, छावनी, गल्ला मंडी इत्यादि क्षेत्र। करोंद स्थित संपूर्ण गैस राहत बस्तियाँ ।

———————